# आदिवासियों के स्वाभिमान के रक्षक थे बिरसा मुंडा : शिवराज

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर ग्राम नारायणपुर में हुआ आयोजन



**सिलवानी, 15 नवंबर. क्रांतिकारी बिरसामुंडा ने हमेशा आदिवासियों की अस्मिता और स्वाभिमान के लिए लड़ाई लड़ी. जल, जंगल और जमीन के महत्व को समझते हुए इन्हें बचाने के लिए संघर्ष किया. आदिवासी समाज में उनका नाम क्रांति का प्रतीक है.**

बिरसा मुंडा जयंती केवल एक स्मरण दिवस नहीं, बल्कि जनजातीय समुदाय की पहचान यह बात शनिवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती समापन वर्ष पर आदिवासी अंचल के ग्राम नारायणपुर में भारत सरकार में केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कही. इससे पहले शहीद बिरसा मुंडा की चित्र पर माल्यार्पण किया गया. उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प किया.

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने कहा कि गांव के आदिवासी समुदाय को विभिन्न हितग्राही मूलक योजना जैसे, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि की सुविधा देकर शत - प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है.

उन्होंने बताया कि गांव में विभिन्न बुनियादी आधारभूत सुविधाएं जैसे, पीएम जनमन आवास, सडक़, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कौशल विकास आदि से भी लाभांवित हो रहे हैं. भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया. इस अवसर पर आदिवासी बालिकाओं द्वारा जनजातीय नृत्य किया.

केन्द्रीय मंत्री ने बालिकाओं को दस हजार रुपए के साथ पुरस्कृत किया. कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर, राकेश उईके, दीपक रघुवंशी ने संबोधित किया.

### युवा खेल भावना का प्रदर्शन करें : पूर्व मंत्री

ग्राम पंचायत चंदन पिपलिया सांसद खेल महोत्सव पर पूर्व मंत्री ने कहा कि फिट युवा फॉर विकसित भारत 25 अक्टूबर से 25 नवबर 2025 संसदीय क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न ग्राम पंचायतें एवं शहरी क्षेत्र के खेल प्रेमी अपनी भागीदारी दर्ज करा रहे हैं. यह सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह वह मंच है जहाँ हमारे युवा अपनी शारीरिक और मानसिक शक्ति का प्रदर्शन करेंगे. मैं सभी प्रतिभागियों से आग्रह करता हूँ कि वे अपनी पूरी लगन और उत्साह के साथ भाग लें. जीत-हार को एक तरफ़ रखते हुए, खेल की भावना को बनाए रखें और एक-दूसरे का समान करें. भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि खेल हमें सिर्फ़ शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी मज़बूत बनाते हैं. ये हमें टीम वर्क, अनुशासन, नेतृत्व और खेल भावना सिखाते हैं. ये हमें सिखाते हैं कि जीत और हार जीवन का हिस्सा हैं, और असली जीत खेल का आनंद लेने में है. यह महोत्सव हमें स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करता है और हमारे जीवन में ऊर्जा भरता है.

## किसानों की मेहनत का सही मूल्य देने सरकार प्रतिबद्ध

भावांतर योजना के बारे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि प्रदेश में अन्नदाता किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य उपलब्ध कराना तथा किसान हित में भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर हित संवर्धन के प्रयास किए जा रहे हैं. केन्द्र एवं राज्य सरकार अन्नदाता किसानों की मेहनत का सही मूल्य देने के लिए प्रतिबद्ध है.

भावांतर योजना के लाभ बताते हुए कहा कि भावांतर योजना ने किसानों को उनकी उपज का वास्तविक मूल्य सुनिश्चित किया है, जिससे उन्हें बाजार के भाव उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिली है. उन्होंने कहा, केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की दिशा में ठोस कदम उठा रही है.

कार्यक्रम के प्रारंभ में बड़ादेव स्थान से भगवान बिरसा मुंडा की 150 जन्म जयंती पर पैदल मार्च कर कार्यक्रम स्थल पहुंचे और केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने पुष्प वर्षा कर बहिनों और भांजियों का स्वागत किया. इस अवसर पर मुकेश राय, श्याम साहू, संजय मस्ताना, हरनाम सिंह राजपूत, संदीप शर्मा, विभोर नायक, मोनू मतांबर सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी, बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.

### केन्द्रीय कृषि मंत्री ने किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

ग्राम पंचायत चंदन पिपलिया में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया. इस मौके पर अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे. केन्द्रीय मंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का जीवन में महत्व है. अब सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से आंचलिक प्रतिभाओं को न केवल खेलने का मौका मिलेगा बल्कि इन खेलों के जरिए पुरस्कार स्वरूप लाखों रुपए जीतने का मौका भी मिलेगा. इसी के माध्यम से प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर सकते हैं.



## सिलवानी में सत्यार्थ फाउंडेशन ने मनाया गौरव दिवस

- ग्राम बेगवा कलां में आयोजित किया कार्यक्रम
- वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के बारे में दी जानकारी

**सिलवानी, 15 नवंबर. नगर की समाजसेवी संस्था सत्यार्थ फाउंडेशन द्वारा बिरसा मुंडा जी की जन्म जयंती के अवसर पर गौरव दिवस के रूप में मनाया गया. बिरसा मुंडा जी की जन्म के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सत्यार्थ फाउंडेशन द्वारा ग्राम बेगवा कला में बिरसा मुंडा जी का जन्म जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता जन अभियान परिषद के समन्वयक वीरेंद्र यादव ने की उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा जी ने अंग्रेजों की गुलामी कभी स्वीकार नहीं की ईसाइयों द्वारा जबरन धर्मांतरण किए जाने के विरोध लोगों को संगठित किया और उनके अत्याचार के विरोध में आवाज उठाई.

कार्यक्रम में उपस्थित विजय सोनी ने बताया कि बिरसा मुंडा जी जनजातीय समाज में व्याप्त अंध विश्वास,अपना धर्म छोडकर ईसाई धर्म मानने की आदत को दूर करने में जुटे रहे. उनका सुधारवादी आन्दोलन दयानन्द सरस्वती, विवेकानन्द और चैतन्य महाप्रभू के आन्दोलन की तरह प्रभावशाली था. दशरथ कुशवाहा ने बताया कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को वर्तमान झारखंड में एक छोटे से ग्राम में हुआ था अंग्रेजों द्वारा जब जनजाति समाज में बहुत तेजी से धर्मांतरण किया जा रहा था तब बिरसा मुंडा ने किसी भी कीमत पर धर्मांतरण स्वीकार नहीं किया है.

जल जंगल और जमीन को बचाने में बिरसा मुंडा का भूतपूर्व योगदान है इसलिए उनको हम सभी भगवान मानते हैं. कार्यक्रम में शिक्षक रामकुमार राय, समाजसेवी राजेश कुशवाहा, प्रदीप कुशवाहा, प्रस्फुटन समिति के सदस्य अर्जुन कुशवाहा, अशोक कुशवाहा एवं अन्य पदाधिकारी सदस्यगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे.

## घाट काटने गए बुजुर्ग की संदिग्ध स्थिति में मौत

### रिजर्व फॉरेस्ट में जंगली जानवरों ने खाया शव

**बेगमगंज, 15 नवंबर. बरखुआ गांव के पास रिजर्व फॉरेस्ट में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग का क्षतविक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई. पुलिस ने मर्ग कायम करके जांच में लिया है.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार सुबह बरखुआ गांव के पास रिजर्व फॉरेस्ट से गांव का थानसिंह नामक व्यक्ति निकलकर जा रहा था, तो उसने एक दिल दहलाने वाली घटना देखी तो उसके रोंगटे खड़े हो गए. उसने तत्काल डायल 112 पर घटना की सूचना देते हुए बताया कि जंगल में एक क्षतविक्षत शव देखा जिसे जंगली सियार ओर कुत्ते नोंचकर खा रहे थे.

मौके पर पहुंचकर पुलिस ने देखा कि शव बुरी तरह से क्षतविक्षत है और शरीर से हाथ एवं कुछ अंग गायब हैं, जिन्हें जंगली जानवरों ने खा लिया है.

पंचनामा बनाकर शव को बेगमगंज लाकर पीएम कराया गया. पोस्टमार्टम की सही जांच के लिए डॉक्टर ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं कुछ शव के कुछ अवशेष भोपाल हमीदिया अस्पताल भेजा है. थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि मृतक की शिनाख्त आशाराम विश्वकर्मा पिता काशीराम विश्वकर्मा 70 वर्ष निवासी बरखुआ गांव के रूप में हुई है. जिनका एक पुत्र शिवराजसिंह विश्वकर्मा भोपाल में रहता है, जो वहीं काम करता है और आशाराम विश्वकर्मा गांव पर अपने घर में अकेले रहते थे. जिन्होंने गाय पाल रखी है, संभवत: घास लेने के लिए वह जंगल में गए थे क्योंकि शव के पास घास काटने वाला हसिया, रस्सी एवं घर के ताले की चाबी मिली है.

उनके पड़ोसियों ने बताया है कि दो दिन पहले वह सीने में दर्द होने के कारण भोपाल जाकर डॉक्टर को दिखाने की बात कर रहे थे. संभवत: उनकी मौत हार्टअटैक से हो सकती है, फिर भी पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर भी खुलासा हो सकेगा.



## विद्यार्थियों ने देखे सुपरमून और शनि ग्रह

**भोपाल, 15 नवंबर. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के सी. वी. रमन विज्ञान संचार केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में विशेष आकाश दर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को दुर्लभसुपरमून तथा शनि ग्रह का अवलोकन आधुनिक टेलीस्कोप के माध्यम से कराया गया. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुपरमून का टेलीस्कोप से अवलोकन रहा. सुपरमून एक विशिष्ट खगोलीय घटना है, जिसमें चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए अपने निकट पहुंच जाता है, जिससे उसका आकार सामान्य दिनों की तुलना में अधिक बड़ा दिखाई देता है.

### एक नजर में

#### लाइफ वेलनेस स्टूडियो लांचिंग कार्यक्रम का शुभारंभ

**भोपाल.** महापौर मालती राय ने शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भोपाल की ब्राडिंग पर परिचर्चा एवं लाईफ वेलनेस स्टूडियो लांचिंग तथा जीएसटी रिफार्म पर धन्यवाद कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया. महापौर राय ने आयोजन समिति को इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन को सराहनीय निरूपित करते हुए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं. कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रवीन्द्र यति, पूर्व पार्षद सहित गिरीश शर्मा के अलावा आशीष अग्रवाल, डॉ. अभिजीत देशमुख सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

#### सनातन का मजाक उड़ानेवालों पर प्रतिबंध लगे

**भोपाल.** मानस धाम कॉलोनी पिपलिया लांबाखेड़ा में चल रही श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर वृंदावन धाम से पधारे शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी कहा कि 'भूल होना मनुष्य की प्रकृति है, लेकिन उसे सुधार लेना ही सच्ची संस्कृति है. भगवान की कथा तभी सार्थक है जब गलती दोबारा न दोहराई जाए.' उन्होंने 'धन्यवाद' शब्द के उद्गम को भगवान शिव की वाणी से जोड़ा और बताया कि भगवान के नाम का गुणगान करने वाला ही वास्तविक धन्यवाद का अधिकारी है. शास्त्री ने कहा, 'जिसे अहम की लत लग जाए, वह कभी आगे नहीं बढ़ पाता. जीवन में एक ऐसा इंसान अवश्य रखो जो दर्पण की तरह तुम्हें सच्चा स्वरूप दिखा सके.' कथावाचक ने फिल्मों में हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाने वालों पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति का अपमान करनेवाले निर्देशक और कलाकारों पर प्रतिबंध लगना चाहिए.




## धूमधाम से मनाई बिरसा मुंडा जयंती

### जनजातीय समुदाय ने पारंपरिक वेशभूषा में किया नृत्य

**बेगमगंज, 15 नवंबर. अनुसूचित जनजाति द्वारा शनिवार को आराध्य भगवान बिरसा मुंडा जयंती धूमधाम से मनाई गई. भारी संख्या में तहसील भर से एकत्रित हुए अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग रंगबिरंगी परंपरागत पोशाकों नाचते -गाते हुए लोहा मिल से दशहरे मैदान तक जुलूस के रूप में पहुंचे.**

जगह-जगह जुलूस का स्वागत राजनेताओं, समाजसेवियों एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष, पार्षद अजय जाट एवं विधायक देवेंद्र पटेल के समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया. भारत के स्वाधीनता संग्राम के महानायक मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए जनजाति समाज को अंग्रेजों की युद्ध एकजुट करने वाले देशभक्त एवं जननायक बिरसा मुंडा की जयंती पर गरिमामय कार्यक्रम दशहरा मैदान में आयोजित हुआ. जिसमें सैकड़ों की संख्या में बेगमगंज एवं सिलवानी तहसील के स्वजन बंधुओं सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक दलों के सैकड़ों लोग शामिल हुए.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि जल जंगल जमीन हवा यह हमारी प्रकृति है, धरती का चोला की प्रकृति में दाना डालते हैं ,उसका रंग पीला है इस धरती से बच्चा पैदा होता है मां का दूध भी पीला होता है. गाय का प्रथम दूध भी है पीला होता है.इसलिए शादी विवाह में सारी समाज उपयोग किया करती है. विरासत में मिले साहित्यिक अभिलेखों में जनजाति उल्लेख किया है और हम संविधान को जल जंगल जमीन की जंग शुरू कर दी थी. कार्यक्रम को कुंवर धर्मवीर सिंह ,कुंवर नीलमणि शाह, कुंवर सुरजीत सिंह,निशा मसकौले, ऋतु मरावी, स्वाति मसकौले, घनश्याम चीचाम, राजकुमार मरावी सूरज उइके इत्यादि ने संबोधित करते हुए अपनी- अपनी बात रखी. मंच संचालन देवदास उइके ने सभी का आभार प्रदर्शन किया.

### मतदाता सूची का गहन परीक्षण ▶ सिलवानी विस क्षेत्र में तेजी से चल रहा कार्य

## बेगमगंज में अवकाश के दिन भी हुआ एसआईआर का काम

**बेगमगंज, 15 नवंबर. विशेष गहन परीक्षण एसआईआर का काम बहुत तेजी से चल रहा है. शनिवार को अवकाश होते हुए भी अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सौरभ मिश्रा के मार्गदर्शन में सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मुस्तैदी से जुटे हुए हैं.**




रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मिश्रा ने बताया कि सिलवानी विधानसभा क्षेत्र क्र. 143 पर कार्यक्रम तेजी चल रहा है. तैनात किए गए सभी बीएलओ अपने - अपने क्षेत्र में मुस्तैदी के साथ जुटे हुए हैं. सिलवानी विधानसभा क्षेत्र 143 में बेगमगंज तहसील में 59 579 पुरूष मतदाता , महिला - 54 592 - कुल -167053 एवं सिलवानी तहसील में पुरूष - 61750 , महिला - 58127 , कुल - 119 877 है. पूरी विधानसभा क्षेत्र में पुरुष - 1213 29 एवं महिला - 112729 कुल - 234050 मतदाता है. जिनका घर -घर दस्तक देकर एसआईआर परीक्षण किया जा रहा है.

लेकिन कुछ बीएलओ एक जगह बैठकर ही मतदाताओं को बुला रहे हैं और उन्हें कोरे फॉर्म देकर भरकर लाने के लिए बोल रहे हैं. निर्वाचन केंद्र पर तैनात कर्मचारी भी डटे हुए हैं . जो हरेक समस्या का समाधान करने के लिए तैयार है और अधिकारियों द्वारा भी निगरानी रखी जा रही है.




## अभाविप ने मनाया जनजाति गौरव दिवस

**बाड़ी, 15 नवंबर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जनजाति गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में आदिवासी बालक एवं बालिका आश्रम बाड़ी में युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

जिसमें मुख्य रूप से शरद साहू जिला प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, आदिवासी आश्रम बाड़ी के अध्यक्ष बरकरे, प्रधानाध्यापक रामकुमार ठाकुर, प्रधानाध्यापिका बिन्दा वैष्णव एवं समस्त स्टाफ और विद्यार्थी परिषद के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे.